झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

16 Feb 2025

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645



# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 16 फरवरी से संबंधित करेंट अफेयर्स

- राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में साइक्लोन 2025 अभ्यास शुरू हुआ। यह भारत और मिश्र के बीच एक संयुक्त सैन्य अभ्यास है। यह 14 दिनों तक जारी रहेंगा। इसका उद्देश्य भारत और मिश्र के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ाना है। अभ्यास के हिस्से के रूप में भारत ओर मिश्र पेशेवर कौशल साझा करेंगे और रेगिस्तानी वातावरण में विशेष बलों की अंतर संचालन क्षमता में सुधार करेंगे। अभ्यास साइक्लोन 2025 साइक्लोन अभ्यास का तीसरा संस्करण है।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने सीमा पार कार्ड और प्रेजेंट लेन देन के लिए एक अतिरिक्त प्रमाणीकरण कारक शुरू करने की योजना की घोषणा की। यह भारत द्वारा जारी कार्डो के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय डिजिटल लेन देन को उन्ही सुरक्षा मानकों पर लाएगा जो घरेलू लेनेदन पर लागू होते हैं। एक अतिरिक्त प्रमाणीकरण कारक के लिए वन टाइम पासवर्ड या बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण की आवश्यकता होती है। इसने घरेलू ऑनलाइन भुगतानों में धोखाधड़ी की संख्या को प्रभावी रूप से कम कर दिया है।
- दिल्ली विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने महत्वपूर्ण जीत हासिल की है, जिससे वह 26 साल से अधिक समय के अंतराल के बाद राष्ट्रीय राजधानी में फिर से सता में आई हैं। भाजपा नेता प्रवेश वर्मा ने कड़े मुकाबले में आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल हो हराया। पिछले एक दशक से दिल्ली पर शासन कर रही आम आदमी पार्टी को 22 सीटें मिली और कांग्रेस लगातार तीसरी बार खाली हाथ रही।
- रक्षा मंत्रालय द्वारा भारतीय नौसेना के लिए 11 नई पीढ़ी के अपतटीय गश्ती जहाजों और तीन कैडेट प्रशिक्षण जहाजों के लिए 28 ईओएन-51 सिस्टम की खरीद के लिए भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। खरीद श्रेणी के तहत अनुबंध की कुल लागत 642.17 करोड़ रूपये हैं। ईओएन-51 एक इलेक्ट्रो ऑप्टिकल फायर कंट्रोल प्रणाली है जो इलेक्ट्रो ऑप्टिकल और थर्मल इमेजर्स उपकरणों का उपयोग करके लक्ष्यों की खोज पता लगाने व उनके वर्गीकरण की सुविधा प्रदान करती है।
- भारत इलेक्ट्रॉनिक्स आयोग ने चंद्रयान से इलेक्शन तक के लिए एकॉवेलर और फ्यूचरिस्टिक पहल की शुरूआत की है। पश्चिम दिल्ली विकासपुरी में अंतरिक्ष थीम आधारित एक विशेष मतदान केंद्र का अनुभव बदल दिया गया है, जो भातर के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनो से प्रेरित हैं।
- भारतीय नौसेना का द्विवार्षिक कैपस्टोन थिएटर लेवल ऑपरेशन एक्सरसाइज वर्तमान में जनवरी से मार्च तक हिंद महासागर क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा हैं। इस अभ्यास में लगभग 65 भारतीय नौसेना के जहाज नौ पनडुब्बिया और विभिन्न प्रकार के 80 से अधिक विमान शामिल हैं। इन संपतियों को नौसेना के संचालन की अवधारणा को मान्य और परिष्कृत करने के लिए जटिल समुद्री परिचालन परिदृश्यों में लगाया जाता है, जिसमें आगे की तैनाती ओर अन्य सेवाओं के साथ अंतर संचालन शामिल हैं। ट्रॉपेक्स 25 का उद्देश्य भारतीय नौसेना के मुख्य युद्ध कौशल को मान्य करना और इसकी परिचालन तत्परता को बढ़ाना है।
- केंद्रीय कैबिनेट ने नए इनकम टैक्स बिल को मंजूरी दे दी हैं। नया आयकर बिल छह दशक पुराने आईटी कानून की जगह लेगा। नये विधेयक कर प्रणाली में सुधार प्रयासों का हिस्सा है और इसका उद्देश्य मौजूदा कर ढांचे में आमूल चूल परिवर्तन करना हैं। यह विधेयक करदाताओं के लिए आयकर कानूनों को सरल बनाता है और इसका मूलशब्द 50 प्रतिशत कम होगा। विधेयक का उद्देश्य भाषा में अस्पष्टता से उत्पन्न होने वाले व्याख्या संबंधी मुद्दों को हर करना भी है।
- ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं द्वारा ऐतिहासिक वैज्ञानिक सफलता में इन विट्रो फर्टिलाइजेशन का उपयोग करके पहले कंगारू भ्रूण को सफलतापूर्वक बनाया गया हैं। पहली बार इंट्रोसाइटोप्लाजमिक स्पर्म इंजेक्शन का उपयोग करके कंगारू भ्रूण का उत्पादन किया गया है, जो मानव प्रजनन उपचार में व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली तकनीक हैं। अब तक अनुसंधान टीम ने आईसीएसआई का उपयोग करके 20 से अधिक कंगारू भ्रूण सफलतापूर्वक बनाए है।
- भारत के कार्बन बाजारों को मजबूत करने और डीकार्बोनाइजेशन प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए नई दिल्ली में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स ओर कार्बन मार्केट एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। वैश्विक और भारतीय कार्बन बाजारों पर आईआईसीए सीएमएआई मास्टरक्लास के उद्घाटन दिवस पर इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की गई।
- नाइजर अफ्रीका का पहला और दुनिया का पांचवां देश है जिसने ऑन्कोसेरका वॉल्युलम परजीवी के प्रसार को रोका हैं। इस लक्ष्य को हासिल करने वाले चार अन्य देश मेक्सिको, ग्वाटेमाला इक्वाडोर ओर कोलंबिया हैं। ऑन्कोसेरसियासिस, ट्रेकोमा के बाद दुनिया भर में अंधेपन का दूसरा सबसे प्रचलित संक्रामक कारण हैं।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स




**1. विश्व मानव विज्ञान दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 15 फरवरी (B) 16 फरवरी
(C) 17 फरवरी (D) 18 फरवरी

**(B)** विश्व मानव विज्ञान दिवस हर साल 16 फरवरी को मनाया जाता हैं। यह दिन अप्रयुक्त क्षेत्र का सम्मान करने और आम जनता को मानव विज्ञान के बारे में शिक्षित करने के लिए मनाया जाता हैं। मानवविज्ञानी मानव अनुभव के विभिन्न पहलुओं को समझने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाते हैं। उनका लक्ष्य हमारी मानव उत्पति, एक प्रजाति के रूप में हमारी विशिष्टता और हमारी महान विविधता को समझना है।



**2. हाल ही में जीआई मान्यता प्राप्त चावल की किस्मों के निर्यात की अनुमति देने के लिए किस देश के द्वारा एक नया एचएस कोड पेश किया गया है ?**

(A) भारत (B) पाकिस्तान
(C) चीन (D) रूस


**(A)** भारत की वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने भौगोलिक संकेत मान्यता प्राप्त चावल के निर्यात के लिए एचएस कोड प्रदान करन के लिए सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम में संशोधन की घोषणा की। यह पहली बार है कि जीआई मान्यता प्राप्त चावल के लिए एचएस कोड पेश किया गया है। भारतीय पेटेंट कार्यालय ने चावल की 20 किस्मों को जीआई टैग दिया है।



**3. हाल ही में भारत ने 2025 के लिए संयुक्त राष्ट्र बजट में कितने मिलियन डॉलर का योगदान दिया है ?**

(A) 30.51 (B) 35.71
(C) 37.64 (D) 39.23

**(C)** भारत ने 2025 के लिए संयुक्त राष्ट्र के नियमित बजट में 37.64 मिलियन अमरीकी डॉलर का भुगतान किया है, जिससे वह उन 33 सदस्य देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने संयुक्त राष्ट्र का अपने नियमित बजट का पूरा और समय पर भुगतान किया हैं। संयुक्त राष्ट्र योगदान समिति के अनुसार 35 सदस्य देशों ने संयुक्त राष्ट्र वितीय विनियमों में निर्दिष्ट 30 दिवसीय नियम अवधि के भीतर अपने नियमित बजट मूल्यांकन का पूरा भुगतान कर दिया है।



**4. हाल ही में ट्रंप ने एल्युमीनियम और स्टील के आयात पर टैरिफ को कितने प्रतिशत बढ़ा दिया है**

(A) 10% (B) 15%
(C) 20% (D) 25%

**(D)** हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्टील और एल्युमीनियम आयात पर बगैर किसी छूट के टैरिफ बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने की घोषणा की। उन्हे यह उम्मीद है कि इससे अमेरिकी उद्योगो को वैश्विक प्रतिस्पर्धा से राहत मिलेगी। ईयू ने कहा कि इसका जवाब दिया जाएगा इसके लिए कड़े कदम उठाएंगे।



**5. हाल ही में सरकार ने ई-नाम पर कितनी नई कृषि वस्तुओं के व्यापार को अनुमति दी है ?**

(A) 10 (B) 12
(C) 14 (D) 16

**(A)** हाल ही में केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक राष्ट्रीय कृषि बाजार प्लेटफॉर्म पर 10 और कृषि वस्तुओं के कारोबार की अनुमति दी है। इनमें बेसन, गेहूं का आटा, चना सतु, सिंघाड़े का आटा, हींग, सूखे मेथी के पत्ते, बेबी कॉर्न, ड्रैगन फ्रुट, सिंघाड़ा और सूखे तुलसी के पत्त शामिल है। इस तरह अब ई नाम पर कुल 231 कृषि वस्तुओं का कारोबार हो सकेगा।

**6. हाल ही में किसके द्वारा लिखी गई पुस्तक हार्ट्स एंड हीरोज लाइव्स दैट शेप्ड अस का विमोचन हुआ हैं ?**

(A) विजय कुमार (B) कुलभूषण कुमार
(C) सौरभ सिंह (D) इनमें से कोई नहीं


**(B)** हाल ही में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने हार्ट्स एंड हीरोज लाइव्स दैड शेप्ड अस नामक पुस्तक का विमोचन किया, जो कि प्रसिद्ध व्यक्तियों पर एक काव्यात्मक कथा है, जिसे जेकेएएस अधिकारी कुलभूषण कुमार ने लिखा है जो वर्तमान में आपदा प्रबंधन राहत एवं पुनर्वास विभाग में निदेशक वित के रूप में तैनात है।



**7. हाल ही में किस राज्य की साहसी पर्वतारोही निशा यादव ने अफ्रीका महाद्वीप के माउंट किलिमंजारो की चोटी को फतह किया है ?**

(A) छत्तीसगढ़ (B) हरियाणा
(C) उत्तर प्रदेश (D) पंजाब

**(A)** हाल ही में छत्तीसगढ़ की पर्वतारोही निशा यादव ने अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो पर भारत का तिरंगा फहराया है। बिलासपुर के एक ऑटो ड्राइवर की बेटी के इस कारनामे पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है हमे गर्व है। मुख्यमंत्री ने इसे प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताते हुए कहा कि निशा की यह उपलब्धि ा दृढ़ संकल्प संघर्ष और आत्मविश्वास की मिसाल है।




**8. हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने कौशल उदय टोंगई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया है ?**

(A) असम (B) मणिपुर
(C) महाराष्ट्र (D) त्रिपुरा

**(D)** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने अगरतला के नरसिंहगढ़ में त्रिपुरा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में स्किल उदय टोंगई कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीएम माणिक साहा ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम लगभग 80,000 स्कूल और कॉलेज के छात्रों को सशक्त बनाने के लिए शुरू किया गया था।



**9. हाल ही में किस देश के वैज्ञानिकों ने IVF तकनीक का उपयोग करके पहली बार कंगारू भ्रूण बनाया है ?**

(A) रूस (B) जर्मनी
(C) जापान (D) ऑस्ट्रेलिया

**(D)** ऑस्ट्रेलियाई शोधकर्ताओं द्वारा ऐतिहासिक वैज्ञानिक सफलता में इन विट्रो फर्टिलाइजेशन का उपयोग करके पहले कंगारू भ्रूण को सफलतापूर्वक बनाया गया हैं। पहली बार इंट्रोसाइटोप्लाजमिक स्पर्म इंजेक्शन का उपयोग करके कंगारू भ्रूण का उत्पादन किया गया है, जो मानव प्रजनन उपचार में व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली तकनीक हैं। अब तक अनुसंधान टीम ने आईसीएसआई का उपयोग करके 20 से अधिक कंगारू भ्रूण सफलतापूर्वक बनाए है।



**10. हाल ही में उद्योग गुणवत्ता आश्वासन सम्मेलन का आयोजन कहां किया गया है ?**

(A) लखनऊ (B) नई दिल्ली
(C) कोलकाता (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** उद्योग गुणवता आश्वासन सम्मेलन 2025 को नई दिल्ली में सहयोगात्मक गुणवता आश्वासन उद्योग जगत और रक्षा क्षेत्र के बीच के अंतर को पाटना विषय वस्तु पर आयोजित किया गया। सचिव श्री संजीव कुमार ने मुख्य भाषण देते हुए आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत रक्षा विनिर्माण में देश की प्रगति का उल्लेख किया।

